# प्रोत्साहन एवं पुरस्कार योजनाएं

1. **<u>हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ</u>**

क- राजपत्रित एवं अराजपत्रित कर्मचारियों द्वारा निर्धारित परीक्षा पास करने पर 12 माह के लिए वैयक्तिक वेतन वृद्धि के बराबर की राशि का लाभ।

ख- **<u>निजी प्रयत्नों से परीक्षा पास करने पर कर्मचारियों को एकमुश्त पुरस्कार</u>**

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रबोध | 1600/- रुपए | प्राज्ञ | 2400/- रुपए |
| प्रवीण | 1500/- रुपए | | |

ग- **<u>हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि परीक्षा विशेष योग्यता से पास करने पर नकद पुरस्कार</u>**

हिंदी टंकण/आशुलिपि के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य कर्मचारियों को हिंदी टंकण और हिंदी आशुलिपि में कौशल प्रदान करना है ताकि वे हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं के टंकण और आशुलिपि में दक्षता प्राप्त कर सकें। सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं तथा विशेष योग्यता के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने पर निम्नलिखित राशि प्रदान की जाती है :-

| **हिंदी टंकण** | **पुरस्कार की राशि** |
|---|---|
| 90% से 94% तक प्राप्त करने पर | 800/- रुपए |
| 95% से 96 % तक प्राप्त करने पर | 1600/- रुपए |
| 97% या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर | 2400/- रुपए |

| **हिंदी आशुलिपि** | **पुरस्कार की राशि** |
|---|---|
| 88% से 91% तक प्राप्त करने पर | 800/- रुपए |
| 92% से 94% तक प्राप्त करने पर | 1600/- रुपए |
| 95 % या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर | 2400/- रुपए |

घ- **<u>हिंदी टाइपिंग/हिंदी आशुलिपि परीक्षा निजी तौर पर पास करने पर एकमुश्त पुरस्कार</u>**

हिंदी में सरकारी काम करने के लिए अंग्रेजी टाइपिस्टों/ आशुलिपिकों को निजी तौर पर परीक्षा पास करने पर एकमुश्त पुरस्कार दिए जाने की योजना है, जो कि निम्नलिखित है :-

| | |
|---|---|
| हिंदी टाइपिंग के लिए | 1600/- रुपए |
| हिंदी आशुलिपि के लिए | 3000/- रुपए |

**नोट :** इसके लिए टाइपिस्टों तथा हिंदी भाषी आशुलिपिकों को 12 माह के लिए एक वैयक्तिक वेतन वृद्धि के बराबर की राशि का लाभ तथा हिंदीतर भाषी आशुलिपिकों को दो वेतन वृद्धि के बराबर की राशि का लाभ।

2. **<u>आशुलिपिकों/ टाइपिस्टों को देय प्रोत्साहन भत्ता</u>**

अंग्रेजी के अतिरिक्त हिंदी टाइपिंग/ हिंदी आशुलिपि का कार्य करने वाले अंग्रेजी टंकक/ आशुलिपिकों को क्रमश: 160/- रुपए तथा 240/- रुपए हिंदी प्रोत्साहन भत्ता प्रतिमाह की दर से दिया जाता है।

3. **<u>हिंदी में डिक्टेशन देने वाले अधिकारियों को देय पुरस्कार</u>**

इस योजना के अंतर्गत हिंदी में डिक्टेशन देने वाले एक हिंदी भाषी और एक हिंदीतर भाषी रेल अधिकारी को प्रतिवर्ष निम्नानुसार नकद पुरस्कार दिए जाते है ।

| **हिंदी डिक्टेशन पुरस्कार** | **राशि** |
|---|---|
| क एवं ख क्षेत्र | 5000/- रुपए |
| ग क्षेत्र | 5000/- रुपए |

4. **<u>रेल मंत्री हिंदी निबंध प्रतियोगिता</u>**

इस योजना का उद्देश्य रेल कर्मचारियों को रेल संचालन और प्रबंधन संबंधी विषयों पर निबंध लेखन के प्रति प्रेरित करना है। निबंध 2500 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए। योजना के अंतर्गत राजपत्रित अधिकारियों और अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए अलग-अलग निम्नलिखित पुरस्कार निर्धारित है :-

प्रथम पुरस्कार 6,000/- रुपए (राजपत्रित तथा अराजपत्रित के लिए एक -एक)

द्वितीय पुरस्कार 4,000/- रुपए (राजपत्रित तथा अराजपत्रित के लिए एक -एक )

5. **<u>मूल हिंदी टिप्पण एवं प्रारुप लेखन पुरस्कार योजना</u>**

सरकारी कामकाज में वर्ष के दौरान 20 हजार या अधिक शब्द हिंदी में लिखने वाले कर्मचारी इस योजना में भाग लेने के पात्र हैं और प्रत्येक विभाग/ यूनिट को दस पुरस्कार दिए जा सकते है :-

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार (**दो**) | 5000/- रुपए (प्रत्येक ) |
| द्वितीय पुरस्कार (**तीन**) | 3000/- रुपए (प्रत्येक ) |
| तृतीय पुरस्कार (**पांच**) | 2000/- रुपए (प्रत्येक ) |

6. **<u>हिंदी निबंध और वाक् प्रतियोगिताएं</u>**

ये प्रतियोगिताएं अखिल भारतीय तथा क्षेत्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष आयोजित की जाती हैं। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को निम्नलिखित राशि प्रदान की जाती है :-

| | **क्षेत्रीय स्तर पर** | **अखिल भारतीय स्तर पर** |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | 2000/- रुपए | 5,000/- रुपए |
| द्वितीय पुरस्कार | 1600/- रुपए | 4,000/- रुपए |
| तृतीय पुरस्कार | 1200/- रुपए | 3,000/- रुपए |
| सांत्वना पुरस्कार | 800/- रुपए (तीन) | 2,500/- रुपए (पाँच) |

7. **<u>हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता</u>**

यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को निम्नलिखित राशि प्रदान की जाती है :-

| | **क्षेत्रीय स्तर पर** | **अखिल भारतीय स्तर पर** |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | 2000/- रुपए | 5,000/- रुपए |
| द्वितीय पुरस्कार | 1600/- रुपए | 4,000/- रुपए |
| तृतीय पुरस्कार | 1200/- रुपए | 3,000/- रुपए |
| सांत्वना पुरस्कार | 800/- रुपए (तीन) | 2,500/- रुपए (पाँच) |

8. **<u>सामूहिक पुरस्कार योजना</u>**

इस योजना के अंतर्गत रेलों तथा उत्पादन यूनिटों के विभिन्न विभागों में हिंदी का सर्वाधिक प्रयोग करने वाले विभागों को उनके काम के आधार पर पुरस्कृत किया जाता है ओर निम्नलिखित राशि प्रदान की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | 12,000/- रुपए ( 6 कर्मचारियों के लिए) | - सर्वश्रेष्ठ विभाग के लिए |
| द्वितीय पुरस्कार | 8,000/- रुपए ( 5 कर्मचारियों के लिए) | - मंडलों के सर्वश्रेष्ठ शाखा के लिए |
| तृतीय पुरस्कार | 6,000/- रुपए (5 कर्मचारियों के लिए) | - सर्वश्रेष्ठ कारखाना के लिए |

9. **<u>महाप्रबंधक व्यक्तिगत पुरस्कार</u>**

इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष हिंदी में प्रशंसनीय कार्य करने वाले रेल कर्मियों को पुरस्कृत किया जाता है और निम्नलिखित राशि प्रदान की जाती है :-

**पुरस्कार राशि** - 1000/- रुपए प्रत्येक

10. **<u>रेल मंत्री व्यक्तिगत पुरस्कार</u>**

इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष हिंदी में प्रशंसनीय कार्य करने वाले रेल कर्मियों को पुरस्कृत किया जाता है और निम्नलिखित राशि प्रदान की जाती है :-

**पुरस्कार राशि** - 3,000/- रुपए प्रत्येक

11. **<u>लाल बहादुर शास्त्री तकनीकी मौलिक पुस्तक लेखन योजना तकनीकी रेल विषयों पर हिंदी में मौलिक पुस्तकें लिखने के लिए</u>**

रेलों से संबंधित तकनीकी विषयों पर मूल रूप से हिंदी में पुस्तकें लिखने वाले प्रतिभावान रेल कर्मियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेलवे बोर्ड ने यह योजना लागू की है। पुस्तक मौलिक रचना होनी चाहिए।

पुस्तक का विषय रेल संचालन या रेल प्रबंध से संबंधित होना चाहिए। पुस्तक सामान्यत: 100 पृष्ठ से कम नहीं होनी चाहिए। जिन पुस्तकों को इस पुरस्कार योजना के लिए पहले प्रस्तुत किया जा चुका है, उन्हें दोबारा प्रस्तुत नहीं किया जाए। इस योजना के अंतर्गत निम्नलिखित राशि प्रदान की जाती है :-

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | 20,000/- रुपए |
| द्वितीय पुरस्कार | 10,000/- रुपए |
| तृतीय पुरस्कार | 7,000/- रुपए |

12. **<u>प्रेमचन्द पुरस्कार योजना</u>**

रेल कर्मियों की साहित्यिक प्रतिभा और अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय ने हिंदी में कथा संग्रह/ उपन्यास और कहानी पुस्तक लेखन पर प्रेमचन्द पुरस्कार योजना चला रखी है। पुस्तक लेखक की मौलिक कृति होनी चाहिए और पहले कहीं से पुरस्कृत न हो। किसी अन्य भाषा से ली गई अनुदित अथवा संपादित पुस्तकों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत एक लेखक को लगातार दो वर्ष तक पुरस्कृत नहीं किया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| **पुरस्कार राशि -** | प्रथम पुरस्कार | 20,000/- रुपए |
| | द्वितीय पुरस्कार | 10,000/- रुपए |
| | तृतीय पुरस्कार | 7,000/- रुपए |

13. **मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार योजना**

इस योजना के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ काव्य संग्रह के लिए पुरस्कार प्रदान किया जाता है। पुस्तक लेखक की मौलिक कृति होनी चाहिए और पहले कहीं से पुरस्कृत न हो। किसी अन्य भाषा से ली गई अनुदित अथवा संपादित पुस्तकों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत एक लेखक को लगातार दो वर्ष तक पुरस्कृत नहीं किया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| **पुरस्कार राशि -** | प्रथम पुरस्कार | 20,000/- रुपए |
| | द्वितीय पुरस्कार | 10,000/- रुपए |
| | तृतीय पुरस्कार | 7,000/- रुपए |

14. **रेल यात्रा वृत्तांतों पर पुरस्कार**

आम लोगों और रेल कर्मियों के रेल यात्राओं संबंधी अनुभव के आधार पर प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में पाए गए सर्वोत्तम यात्रा वृत्तांत के लिए निम्नानुसार नकद पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं :-

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | 10,000/- रुपए |
| द्वितीय पुरस्कार | 8,000/- रुपए |
| तृतीय पुरस्कार | 6,000/- रुपए |
| सांत्वना पुरस्कार | 4,000/- रुपए (पाँच) |